**खबर संक्षेप**

### केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का 11 अप्रैल को मण्डला आगमन



**मण्डला।** भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जनसभा को संबोधित करने 11 अप्रैल को मण्डला आयेंगे भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे तथा पुलिस ग्राउण्ड पुलिस लाईन मण्डला में दोपहर 12 बजे एक जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री प्रातः 11:40 बजे महाराजपुर स्थित हैलिपेड में पहुचेंगे। तत्पश्चात रपटा घाट में मां नर्मदा जी के दर्शन एवं पूजा करेंगे साथ ही वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा में माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण करेंगे।जनसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वी.डी. शर्मा प्रदेश, केंद्रीय राज्यमंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते, चुनाव प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, सहप्रभारी सतीश उपाध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, कैलाश विजयवर्गीय, केबिनेट मंत्री एवं लोकसभा क्लस्टर प्रभारी, प्रहलाद पटैल केबिनेट मंत्री, ओमप्रकाश धुर्वे राष्ट्रीय सचिव, श्रीमति संपतिया उइके केबिनेट मंत्री म.प्र. शासन, सुश्री कविता पाटीदार राज्यसभा सदस्य एवं संभाग प्रभारी भाजपा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। गृहमंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी द्वारा स्वागत एवं कार्यक्रम की तैयारी कर जनसभा में शामिल होने हेतु आम नागरिकों को आमंत्रण प्रेषित किये हैं।

**चैत्र नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में रही भीड़**

# शक्ति की भक्ति में लीन हुई नगरी

*** आज होगी माँ ब्रम्हचारिणी की पूजा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

चैत्र नवरात्र के पहले दिन नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों में भक्तों का सैलाब माँ दुर्गा की पूजन अर्चन के लिए लगा रहा। हर तरफ देवी मां के जयकारों और मंत्रोच्चार की गूंज रही। नगर के सिद्ध पीठों, देवी मंदिरों में सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। हाथ में सिंदूर, नारियल, चुनरी और फूल-माला लिए कतार में खड़े श्रृद्धालु जय माता दी के जयकारे लगाते हुए बारी-बारी से उनके दर्शन कर पूजा-अर्चन किये। पंडित विजयानंद शास्त्री ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि नवरात्र के दौरान मां दुर्गा का व्रत रखकर उनकी पूजा-अर्चना करने से देवी मां की विशेष कृपा प्राप्त होती है। नवरात्र वर्ष में दो बार आते हैं। नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के पहले रूप शैलपुत्री और बाकी आठ दिन मां के अन्य रूपों की पूजा की जाती है।



### हुई घट स्थापना

देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में शुभ मुहूर्त में घट स्थापना हुई। पहले दिन भक्तों ने मां शैल पुत्री की पूजा-अर्चना की। मंदिरों में सुबह से ही माता के दर्शनों के लिए भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था जो देर रात तक चलता रहा। श्रद्धालुओं ने माता को जल अर्पित कर मंगल कामना की। देवी मंदिरों में विविध अनुष्ठान और भजन-कीर्तन शुरू हुए। भक्त 9 दिनों तक माता की आराधना में लीन रहेंगे। पहले दिन मां शैल पुत्री का विशेष श्रृंगार हुआ।





### जल ढारने लगी रही कतार

सुबह से ही शहर की विभिन्न देवी मंदिरों, सिद्धपीठ में भक्तों की भीड़ जल ढारने के लिए लग गई। नगर की खै र मा ई , सिंहवाहिनी मंदिर, रपटाघाट दुर्गा मंदिर, मरहाई माता मंदिर, काली मंदिर, पीपल घाट मंदिर, उपनगर के ज्वालाजी मंदिर, बूढ़ीमाई मंदिर, नीम वाली माता, खैरमाई मंदिर, सिद्ध पीठ शीतला मंदिर, बस स्टेंड खैरमाई मंदिरो समेत अन्य देवी के दरबारों में भक्तों की कतार जल ढारने लगी रही। यह क्रम 9 दिनों तक सभी देवी मंदिरों में चलेगा।

### आज होगी माँ ब्रम्हचारिणी की पूजा

मां दुर्गा के उपासक और भक्त को अनंत कोटि फल प्रदान करने वाली मां ब्रहचारिणी की पूजा नवरात्रि के दूसरे दिन की जाती है। मां दुर्गा की नवशक्ति का दूसरा स्वरूप ब्रम्हचारिणी का है। माता ब्रम्हचारिणी का स्वरुप बहुत ही सात्विक और भव्य है। यहां ब्रम्ह का अर्थ तपस्या से है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देने वाला है। इनकी उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। ब्रम्हचारिणी का अर्थ तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली देवी का यह रूप पूर्ण ज्योतिर्मय और अत्यंत भव्य है। इस देवी के दाएं हाथ में जप की माला है और बाएं हाथ में यह कमण्डल धारण किए हैं। पूर्व जन्म में इस देवी ने हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लिया था और नारदजी के उपदेश से भगवान शंकर को पति रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कठिन तपस्या के कारण इन्हें तपश्चारिणी अर्थात ब्रम्हचारिणी नाम से अभिहित किया गया।

## उमरिया बीट के कूप से मनमानी तौर पर जलाऊ लकड़ी विक्रय करने का मामला आया सामने




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पूर्व सामान्य वन मंडल मण्डला के अंतर्गत परिक्षेत्र जगमंडल अंजनिया में संचालित उमरिया बीट के कूप से बीट गार्ड के द्वारा निस्तारी उपयोग हेतु जलाऊ लकड़ी को अधिक दर की कीमत से बेचने का किस्सा निकल कर सामने आया है। जिसमें इस ओर विभाग के समिति सदस्यों व गैर समिति सदस्यों को 800/- आठ सौ रुपये प्रति जलाऊ चट्टा के रेट के दर से विक्रय किया जा रहा है। लेकिन वहीं देखा जाए तो निस्तार पत्रिका के अनुसार समिति सदस्यों को 473/- रुपये प्रति जलाऊ चट्टा व गैर वन समिति सदस्यों को 488/- रुपये प्रति जलाऊ चट्टा देने का प्रावधान हीं वन विभाग के कागजों में उल्लेख है। फिर इधर कैसे मनमानी की जा रही है यह प्रश्न सोचनीय है। फिलहाल इस मामले को लेकर बीट गार्ड महिला प्रभारी गीता उइके उमरिया से चर्चा की गईं तो उन्होंने पहले गोलमोल जवाब दिए बाद में बोला कि मेरे द्वारा तो क्षेत्र में 500/- प्रति चट्टा की दर से जलाऊ लकड़ी बिक्री की जा रही है। सुरक्षा समिति उमरिया के अध्यक्ष के द्वारा 800/- प्रति चट्टा के भाव से लकड़ी बेची गई है। फिलहाल इस तरह के कटाक्ष करना जिम्मेदार बीट गार्ड के मुंह से अपने पद का गैर जिम्मदारन को दर्शाता है। वहीं सूत्रों के मुताबिक बीट गार्ड और अध्यक्ष की साठ गांठ से इस क्षेत्र में अवैध रूप से भ्रष्टाचार किया जा रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार वन सुरक्षा समिति उमरिया में काष्ठ लाभांश से प्राप्त राशि मे भी जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। अध्यक्ष और सचिव की मिली भगत से बिना कार्य कराए ही राशि आहरण कर ली गई है। कई लाखो के काम कागजों में हो गए इसकी भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### गांव-गांव पहुंच रहा मतदाता जागरूकता रथ

**मण्डला।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार विविध जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। विगत दिनों इसी अभियान को गति देने के लिए जिले में मतदाता जागरूकता वाहन रवाना किया गया था। जागरूकता रथ में मौजूद जागरूकता दल के सदस्य चौक-चौराहों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रूककर मतदाताओं से बातचीत कर रहे हैं एवं निष्पक्ष, निर्भीक और शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को मंडला से रथ रवाना होकर पौड़ी, नांदिया, सुभरिया, झिरिया, डिठौरी, सालीवाड़ा, कन्हरगांव, सुरजपुरा, भैंसवाही, तूमेंगांव, खिरखिरी, तुईयापानी, पिंडरई ,कतिया टोला पौड़ी, छतरवाड़ा, रैवाड़ा, अंडिया, टिकराटोला, गोकुलथाना, हीरापुर, निवारी होते हुए नैनपुर शहर में व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। इस दौरान लोकगीत एवं स्थानीय बोली की कविताओं के माध्यम से मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 19 अप्रैल को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

## लिटिल फ्लावर स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यकर्म बारिश ठंडी फुवारों के साथ हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया।

विगत रात्री लिटिल फ्लावर इंगलिश मीडियम हाई स्कूल में शाला की 25 वी, शाल गिरह पूर्ण होने पर भव्य रंगा रंग कार्यक्रम स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा शाला परिसर में मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय परंपरा के अनुसार छात्रों में विनायक पांडे , वत्सल खरे , हार्दिक गोडइया के द्वारा स्वस्ति वाचन से किया गया वही शाला के प्राचार्य श्रीमति शांति सोनी ,श्रीमति प्रीति अग्रवाल व कार्यकर्म के संचालन कर्ता रजनीश पांडे द्वारा सरस्वती पूजन से किया गया।



कार्यक्रम में संपूर्ण रामायण का अभूतपूर्व मंचन छात्र छात्राओं के द्वारा किया गया । यह कार्यक्रम राम के उस संघर्ष को लेकर था जो उन्हें मानव से देवता बनाता है । वही छोटे छोटे बच्चो ने गुरू विश्वामित्र के गुरुकुल की पाठशाला पर आधारित *गुरु रे ब्रह्मा गुरु री विष्णु गुरु री देवो महेश्वरा गुरु साक्षात परम ब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नमः का सफल मंचन किया, इसके अलावा और भी अनेक प्रस्तुतियां आयोजित की गई कार्यक्रम का सफल संचालन बलराम पूरी गोस्वामी , विजय सार्वे श्रुति प्रकृति साहू व श्री मति श्रुति खरे के द्वारा किया गया। देखने वाली बात यह रही की मौसम के विपरीत होने पर भी बच्चो के पालक दर्शक वर्षा से भीगते रहे लेकिन कार्यक्रम को अंत तक मंत्रमुग्ध होकर बच्चों का उत्साह वर्धन करते रहे। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, समस्त शालेय स्टॉफ व अविभावक गण उपस्थित रहे।

### फैशन एवं टैलेंट सेमिनार में प्रज्ञा चंदानी को मिला सम्मान



**मण्डला।** भंडारा महाराष्ट्र में 7 अप्रैल को आयोजित नेशनल लेवल टैलेंट शो, मॉडलिंग एवं फैशन डिजाइनर सेमिनार में शहर की प्रज्ञा चंदानी को सर्टिफिकेट एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया, भंडारा में आयोजित इस सेमिनार में अलग-अलग क्षेत्र से प्रतिभागी शामिल हुए,सभी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा की बेहतर प्रस्तुति दी जिसमें चयनकर्ताओं ने मंडला की प्रज्ञा चंदानी को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया, आयोजक मिस्टर पवन ठाकरे,मिसेज प्राची आशीष बंसोड एवं मिस्टर आकाश मेघानी ने इस सम्मान में उन्हें क्राउन पहनाकर एवं सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया, प्रज्ञा शहर के समाजसेवी गिरीश चंदानी एवं शीला चंदानी की बहू एवं नीरज चंदानी की पत्नि हैं, इष्ट जनों ने प्रज्ञा की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं प्रेषित की एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

**विस्थापन** | **संजय टाइगर रिजर्व के लिये किया गया रवाना।**

# कान्हा पार्क से 6 गौर का विस्थापन





*** 50 गौर के स्थानांतरण की योजना।**

भूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/

कान्हा टाइगर रिजर्व के वन्य प्राणियों को प्रदेश के अन्य नेशनल पार्कों में आबाद करने के उद्देश्य से इन्हें सफलतापूर्वक स्थानातंरण किया जा रहा है। जिससे इनकी प्रजाति की संख्या को बढ़ाया जा सके। कान्हा पार्क से गौर पुर्नस्थापना कार्यक्रम अंतर्गत कान्हा टाइगर रिजर्व से संजय टाइगर रिजर्व की रौनक बनाएंगे। संजय टाइगर रिजर्व में 50 गौर भेजे जाने का लक्ष्य है। जिसमें अब तक 34 गौर भेज दिए गए हैं। पिछले वर्ष जून 2023 में भेजे गए 28 गौर पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं और बच्चों को जन्म देकर वंशवृद्धि कर रहे हैं।

जानकारी अनुसार 8 और 9 अप्रैल को कान्हा टाइगर रिजर्व से 06 गौर का विस्थापन किया गया। क्षेत्र संचालक कान्हा टाइगर रिजव एसके सिंह ने बताया कि दो दिन में गौर पुर्नस्थापना कार्यक्रम अंतर्गत कान्हा टाइगर रिजर्व से संजय टाइगर रिजर्व में 6 गौर का विस्थापन किया गया। जिसमें 4 मादा एवं 2 नर गौर शामिल है। यह कार्यक्रम संजय टाइगर रिजर्व सीधी में 50 गौर का स्थानांतरण किए जाने का भाग है। बताया गया कि दो दिवसीय गौर पुर्नस्थापना कार्यक्रम में 8 अप्रैल को 1 नर एवं 1 मादा और 9 अप्रैल को 1 नर एवं 3 मादा को क्रमशः किसली एवं कान्हा परिक्षेत्र से संजय टाइगर रिजर्व सीधी में 3 ट्रांसलोकेश वाहन द्वारा स्थानान्तरित किया गया। गौर के विस्थापन के दौरान सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक जेएस चौहान, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक अतुल श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक मानव संसाधन शुभरंजन सेन, क्षेत्र संचालक कान्हा टाइगर रिजर्व एसके सिंह, उप संचालक कोर जोन कान्हा टाइगर रिजर्व पुनीत गोयल, उप संचालक बफर जोन कान्हा टाइगर रिजर्व अमिता केबी, भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून के वन्यप्राणी विशेषज्ञ दल प्रमुख पराग निगम एवं उनके सहयोगी टीम मध्यप्रदेश के विभिन्न टाईगर रिजर्व के वन्यप्राणी चिकित्सक एवं संदीप अग्रवाल वन्यप्राणी चिकित्सक कान्हा टाइगर रिजर्व मंडला के साथ कान्हा टाईगर रिजर्व के 60 से अधिक अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिकों ने योगदान दिया। आठ अप्रेल को कान्हा टाइगर रिजर्व में आचानक मौसम में बदलाव और ओलावृष्टि के कारण थोड़ी समस्या का सामना कराना पड़ा। लेकिन बारिश रूकने के बाद कार्य को सफलता पूर्वक पूर्ण किया गया।

## चेट्रीचण्ड महोत्सव आज, निकलेगी वाहन रैली और शोभायात्रा

*** श्री गुरुद्वारा साहिब में आरती, पूजा,अरदास के साथ मनाया जाएगा भगवान झूलेलाल का जन्मदिवस।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सिंधी समाज के इष्ट देव वरुण अवतार भगवान श्री झूलेलाल का जन्म दिवस श्री चेट्रीचण्ड महोत्सव श्री गुरुद्वारा साहिब में सामाजिक जनों के द्वारा मनाया जाएगा, आयोजन की श्रृंखला में आज सुबह 9 बजे वाहन रैली निकाली जाएगी, रैली श्री झूलेलाल भगवान की जयकारों के साथ श्री गुरुद्वारा साहिब से प्रारंभ होकर शहर एवं उपनगर महाराजपुर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः गुरुद्वारा साहिब में विराम लगी, इसके पश्चात श्री गुरुद्वारा साहिब में आरती, पूजा, अरदास और भजन कीर्तन का



आयोजन होगा तत्पश्चात गुरु ग्रंथ साहिब के साप्ताहिक पाठ का भोग का कार्यक्रम होगा, इसके उपरांत सामाजिक आम लंगर का आयोजन होगा जिसमें सभी शामिल जन प्रसादी ग्रहण करेंगे, सायंकाल श्री बहिराणा साहब का पूजन अर्चन का कार्यक्रम होगा जो कि मुखी साहब एवं पंडित वासुदेव शर्मा जी के द्वारा संपादित होगा, तदोपरांत महापुरुषों की झांकियों से सुसज्जित शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसका जगह-जगह स्वागत सत्कार किया जाएगा, शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गों बलराम चौक, पड़ाव, चिलमन चौक, बड़ चौराहा, उदय चौक, बुधवारी होते हुए रंगरेज घाट स्थित मां नर्मदा के तट पर पल्लव पूजा एवं सुख शांति की अरदास के साथ संपन्न होगी।





त्रिवेणी लाइफ स्टाइल | राम मंदिर, पड़ाव के पास, मंडला (म.प्र.) 7648922000

# खुलरी बैक में अभी तक नहीं लग पाया एटीएम

## उपभोक्ताओं को अपने खातों से राशि निकलने में लगाना पड़ती है लम्बी लाईन

हरिभूमि न्यूज/ खुलरी।









जहां एक ओर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लगातार प्रयास करते हुए देश को डिजीटल इंडिया बनाने में लगे हुए है जिसके चलते लोगों का हर लेन देन बैकों के माध्यम से कराने का प्रयास करते हुए संपूर्ण व्यवस्थाओं के लिए कैस लेस बनाया जा रहा है। इस प्रकार से देश के प्रधान मंत्री की इस सोच को लेकर लोगों द्वारा प्रसन्नता तो निश्चित ही जाहिर की जा रही है। मगर देखा जावे तो ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बैंको में पर्याप्त व्यवस्थाएं नही हो पाने के कारण बैक उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ रहा है जिसको लेकर सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बैंकों में पर्याप्त व्यवस्थाएं नही होगी तो फिर क्या देशस के प्रधानमंत्री का केश लेश डिजिटल इंडिया बनाने का यह सपना पूरा हो पायेगा? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय खुलरी स्थिति भारतीय स्टैट बैंक में देखने मिल रही है। जहां पर बताया जाता है कि क्षेत्र की मात्र एक बैक के माध्यम से ग्राम खुलरी सहित ग्राम भौरझिर, मुडिया, बिलोनी, सूरना, घघरौला, पटना, लिंगा, पिठहरा, भूमिया ढ़ाना, करहैया, सलैया, बेहरा सहित अन्य गांवों के किसानों से लेकर पंचायत व स्कूली छात्र छात्राओं के खाते इसी बैंक के माध्यम से संचालित हो रहे है। वही दूसरी ओर सरकार द्वारा किसानों के लिये भी अनाज विक्रय से लेकर अन्य योजनाओं की राशि भी बैक खातों में भेजे जाने कारण क्षेत्र के किसान भी इसी बैक के भरोसे चल रहे है, जिसके चलते इस बैक शाखा में प्रतिदिन खातोंदारों की भीड़ लगना आम बात हो चुकी है। वही बैक अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों का प्रयास होता है कि वह अपने उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना करने के लिए मजबूर न करे। मगर बैक के समय में अक्सर सरबर डाउन होने के साथ अन्य प्रकार की परेशानिय आने के कारण वह भी अपने उपभोक्ताओं को समय पर संतुष्ट करने में सफल नही हो पा रहे है। क्योंकि खातेदार अपनी छोटी से छोटी राशि निकालने के लिये भी बैक की लाईन में लगने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है। यह बात अलग है कि खाते से पैसा निकालने के लिये अन्य जगहों पर सुविधाये तो मौजूद है। मगर उस सुविधा का लाभ लेने के लिये खातेदार को अतिरिक्त राशि का भुगतान करने के लिये मजबूर होना पड़ता है। इसी के चलते क्षेत्र के लोगों द्वारा बीते हुये लम्बे समय से भारतीय स्टैट बैक शाखा खुलरी में एटीएम स्थापित किये जाने की मांग उठाई जा रही है। मगर इसके बाद भी यहां पर एटीएम नही लगना जिम्मेदारों की उदासीनता का प्रमाण उजागर करने से नही चूक रहा है, जिसके चलते देखा जाता है कि ग्राम सहित अनेक गांवों से आने वाले लोग दिन दिन भर लम्बी लाईनों में लगे रहने के बाद जब बैक का समय समाप्त हो जाता है तो उन्हें खाली हाथ अपने घरों को लौटने के लिये मजबूर होना पड़ता है। वही दूसरी ओर बैक में उपभोक्ताओं की पास बुको में एन्ट्री करने की व्यवस्था तक उपलब्ध नही होने से उपभोक्ताओं के अपने खातों जमा राशि की जानकारी तक नही मिल पा रही है? इसी बात को लेकर बीते हुये कुछ साल पहले ग्राम खुलरी के लोगों द्वारा क्षेत्र के तत्कालीन सांसद राव उदय प्रताप सिंह को एक ज्ञापन सौपते हुये खुलरी स्थित भारतीय स्टैट बैक शाखा में शीघ्र ही एटीएम सहित पास बुक प्रेटिंग मशीन लगाये जाने की मांग की गई गई थी। मगर वह मांग शायद आज तक पूरी ही नही हो पाई है और पता नही कब तक पूरी होगी इसका किसी को पता नही है कि क्योंकि सासंद महोदय खुद ही अब सांसद के बाद गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र के विधायक बन चुके है...? वही दूसर ओर स्टैट बैक शाखा में एटीएम मशीन न होने को लेकर लोगों की परेशानियों के संबंध में जब ग्रामीणों से चर्चा की गई तो यहां के युवा व्यापारियों का कहना है कि यह बात सही है कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा अच्छी सोच के साथ देश को तरक्की की ओर ले जाया जा रहा है और हर कार्य के लेद देन को सरकार द्वारा जिस प्रकार से कैश लेश किये जाने पर जोर दिया जा रहा है उससे निश्चित भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। मगर वही दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों की बैक शाखाओं में लेन देन के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं नही होने के कारण लोगों को लेन देन करने में परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। इस स्थिति में ग्राम खुलरी बैक में एटीएम की स्थापना की बहुत जरूरी हो गई है जिससे लोग जरूरत पड़ने पर अपने पैसा निकाल सके। इसी प्रकार से कृषकों का कहना है कि जिस प्रकार से सरकार द्वारा किसानों के लिये चलाई जा रही अनेक योजनाओं के साथ साथ अनाज खरीदी का पैसा सीधे किसानों के खातों में भेजा जाता है। मगर अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब बैकों में किसानों को अपनी राशि निकालने के लिये पर्याप्त व्यवस्थाएं नही होगी तो वह अपनी राशि कैसे निकाल पायेगा। एटीएम की सुविधाये शहरों में तो है पर गांवो में न होने से लोग परेशान होते है। लगातार मांग किये जाने के बाद भी खुलरी बैक में एटीएम न लग पाना यहां विभाग व क्षेत्र के जिम्मेदारों की उदासीनता का परिणाम है। इसी प्रकार से छात्र छात्रों से चर्चा की गई तो उसका कहना था कि सरकार द्वारा जिस तरह लेनदेन की व्यवस्था डिजिटल की गई है वह बहुत अच्छी है मगर गांवों की बैकों में एनटीएम न होने से इन योजनाओं का सही लाभ नही मिल पा रहा है। मेरे पास एंड्राइड फोन न होने से में फोन पे नही कर पाती हूं..? अगर गांव में एटीएम की सुविधा होती तो हम सभी स्कूली बच्चों को इसका लाभ मिल सकता था। गौर किया जावे तो हमारे गांव खुलरी की पांच हजार से अधिक की आवादी होने के साथ यहां पर स्थिति स्टैट बैक शाखा से आसपास के अनेको गांव जुडे हुये है। जिसके चलते हजारों छात्र छात्राओं के बैक खाते इसी बैक से संचालित होने के बाद एटीएम की व्यवस्था नही होने से हम छात्र छात्राओं को पैसा निकालने के लिये करेली या फिर गाडरवारा जाने के लिये मजबूर होना पड़ता है। इस स्थिति में हम लोगों का समय बर्बाद होने के साथ साथ पढ़ाई भी प्रभावित होने से नही चूकती है।

## खबर संक्षेप

### संघ के स्वयं सेवको द्वारा तिलक वंदन के साथ मनाया हिन्दू नव वर्ष

**गाडरवारा।** हमारे देश की संस्कृति को भुलते चली जा रही युवा पीढ़ी को जागरूक करने की जरूरत महसूस होने लगी है। क्योंकि युवा पीढ़ी जिस तरह 1 जनवरी को नया वर्ष मनाते हुये लाखों रूपया खर्च कर देती है मगर सही मायने में देखा जावे तो हमारा नया वर्ष चेत्र नवरात्र से शुरू होती है। इस तरह हमारी संस्कृति को भुलने वाले युवा पीढ़ी को जागरूक करने की सोच रखते हुये बीते हुये मंगलवार को संघ के स्वयं सेवको द्वारा हिन्दू नववर्ष चैत्र की प्रतिपदा की पावन बेला एवं गुड़ी पड़वा के अवसर पर नगर के हृदय स्थल झंडाचौक सहित नगर के अन्य स्थानों पर मौजूद लोगों सहित राहगीरों को तिलक लगाते हुये नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाये दी गई। इस मौके पर नगर के वरिष्ठ स्वयं सेवकों के साथ साथ अन्य लोग भी मौजूद थें।

### संघ के लोग नये वर्ष पर राहगीरों को टीका लगाया

**गाडरवारा।** हमारे सनातन की परम्परा रही है कि चैत्र माह की प्रतिपदा पर हिन्दू पंचाग की शुरूआत होती है इसी के चलते इस दिवस पंचाग का पूजन किया जाता है। इसी के चलते सर्व ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चैत शुक्ल एकम ,विक्रम संवत 2081 भारतीय नववर्ष के प्रथम दिवस पंचांग पूजन एवं नववर्षाभिनंदन कार्यक्रम् री खखरिया वाले दादा के मंदिर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर महासभा के संरक्षक डॉ उमेश द्विवेदी एवं अध्यक्ष पंडित महेश अधरुज द्वारा नए पंचांग का पूजन कर, आरती उतारी गई एवं पंचांग के महत्व पर प्रकाश डाला गया । वही पंडित शांतनु तिनगुरिया द्वारा पंचांग के वार्षिक फल का वाचन कर विश्व पटल एवं देश के अंदर वर्ष भर होने वाली घटनाओं को बताया गया। वही इस दौरान चर्चा करते हुए वक्ताओं ने समाज से अनुरोध किया कि आप अपने परिवार सहित सनातन संस्कृति की ओर लौटे और विदेशी सभ्यता व सोच का धीरे-धीरे त्याग करें। क्योंकि चैत्र शुक्ल एकम बैठकी ही हमारा पुरातन व सनातन नववर्ष है । इस अवसर पर प्रसाद वितरण के साथ तिलक लगाकर एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामना देते हुए विश्व के कल्याण और मंगल की कामना की गई। इस पंचाग पूजन के दौरान नागेंद्र त्रिपाठी, पंडित बसंत जोशी, पंडित अशोक भार्गव , पंडित मधुकांत दुबे, पंडित आनंद दुबे, पंडित सुबोध राजोरिया, पंडित संदीप स्थापक, पंडित अरविंद स्थापक, पंडित रमाकांत पाराशर, पंडित बृजेश अधरुज सहित अन्य बिप्रबंधु मौजूद थें।

### बीटीआई स्कूल में बैठक दिये जरूरी दिशा निर्देश

**गाडरवारा।** मंगलवार को स्थानीय बीटीआई स्कूल में जिला शिक्षा केंद्र से आये हुये डीपीसी डॉ आर पी चतुर्वेदी ने क्षेत्र के साईंखेड़ा एवं चीचली ब्लॉक के बीआरसी, बीएसी एवं जन शिक्षकों की बैठक ली गई। बताया जाता है कि इस बैठक में नए शिक्षण सत्र के संदर्भ में विभिन्न विषयों पर चर्चा करने के साथ जरूरी दिशा निर्देश दिये गये। वही बैठक में डीपीसी चतुर्वेदी ने कहा कि सभी स्कूलों में आवश्यक मरम्मत एवं निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूर्ण होना चाहिये। वही बालिका छात्रावास की सीटों पर छात्राओं का प्रवेश हो और पीएम पोषण योजना के तहत मध्यान्ह भोजन संबंधी एसएमएस सभी स्कूल करें तथा प्रयास अभ्यास पुस्तिकाओं का वितरण समय पर होना चाहिये। वही कक्षा 6 व 7 वी वार्षिक मूल्यांकन के अंकों की प्रविष्टि सभी शालाओं द्वारा हो इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सभी लोग कार्य करें। जनपद शिक्षा केंद्रों के अमले द्वारा स्कूलों की सतत रूप से मॉनिटरिंग हो एवं स्कूलों मे छात्र छात्राओं की पर्याप्त उपस्थिति के साथ पढ़ाई हो इस भावना को लेकर सभी कार्य मे जुट जाएं। बैठक में साईंखेड़ा बीईओ प्रताप नारायण ने कहा कि बीते हुये 1 अप्रेल से नया सत्र शुरू हो चुका है। स्कूलों में कक्षोन्नति, मैपिंग आदि कार्य जल्द पूर्ण हो एवं बच्चों की बेहतर उपस्थिति के साथ पढाई कराई जावे। इसी प्रकार से बीटीआई प्राचार्य श्रीमती सुनीता पटेल ने बैठक में आये डीपीसी चतुर्वेदी द्वारा दिये गए।



## दुर्घटनाग्रस्त वाहन को मुख्य मार्ग के किनारे खड़े रहने से यातायात हो रहा है बाधित

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय जिस तरह क्षेत्र की सड़को पर वाहन दुर्घटना घटित होते हुये देखी जा रही है उसके चलते गाडरवारा से पिपरिया की ओर जाने वाला मार्ग देश दुनिया के नक्से में अलग स्थान स्थापित करने से नही चूक रहा है? मगर इसके बाद भी प्रशासन में बैठे हुये जिम्मेदारों की लापरवाही कही जावे या फिर उदासीनता का परिणाम कि वह निर्धारित हो चुके घटना स्थलों में सुधार की जगह इस तरह की कमियाँ छोड़ी जा रही है वह आम लोगों के लिये खतरा बनने के साथ साथ चर्चा का विषय बनने से नही चूक रही है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई गाडरवारा से कामती की ओर जाने वाले मार्ग पर एक ढाबे के सामने आये दिन सड़क दुर्घटनाये घटित होना आम बात हो चुकी है। इस बात की सच्चाई बीते हुये कुछ दिन पहले उस समय देखने मिली थी जब यहां पर एक ट्रक व अन्य वाहन में घटित हुइर घटना के चलते जो वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ था उस वाहन को लम्बा समय बीते जाने के बाद भी मौके से नही हटाये जाने के कारण यह क्षतिग्रस्त वाहन सड़क किनारे यानि की घटना स्थल पर आज भी मौजूद होने के चलते यहां से निकलने वाले हर वाहन चालक की जब उस क्षतिग्रस्त वाहन पर नजर पड़ते है तो वह अपने वाहन को चलाते हुये उस क्षतिग्रस्त वाहन के ऊपर ही उसकी नजर केन्द्रित होने के कारण जहां नई घटना की संभावना पैदा होने से नही चूक पा रही है? वही दूसरी ओर इस तरह क्षतिग्रस्त वाहन घटना स्थल पर लम्बे समय तक खड़ा रहना निश्चित तौर से पहरेदारों की उदासीनता का प्रमाण उजागर करने से नही चूक रहा है? वैसे भी देखा जावे तो इस मार्ग के किनारे संचालित होने वाले ढाबों की सच्चाई इस तरह बनी रहती है कि यहां पर रूकने वाले लम्बे दूरी के वाहनों की लाईने लगी रहने के चलते यहां से निकने वाले अन्य छोटे वाहन चालकों को आगे की सड़क दिखाई नही देने के चलते आये दिन घटनाये घटित होने से नही चूक पा रही है।

## आंधी तूफान के चलते गेहूं खरीदी केन्द्र बने वेयर हाऊसों के छप्पर उड़ने से किसानों से खरीदा गया अनाज पानी में भीगने से हुआ खराब, 24 घंटे तक विद्युत व्यवस्था नहीं हो पायी सुचारू

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।





प्रकृति की लगातार मार झेल रहे अन्नदाता की स्थिति इस तरह बनी हुई है कि वह लगातार बर्बाद होने से नही बच पा रहा है। क्योंकि जब अन्नदाता किसान को अपने खेतों में बोनी करनी होती है तो उस दौरान समय पर बीज नही मिलने के चलते वह खाद विक्रय करने वाले केन्द्रो पर भूखे प्यासे दिन दिन भर खड़ा रहने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता है। वही दूसरी ओर जरूरत के हिसाब से बिजली नही मिलने के चलते रात रात भर जागकर किसी तरह अपनी फसलों को तैयार करता है। मगर जब खेतों में किसानों द्वारा रात दिन एक करते हुये तैयार की गई फसलों की कटाई करने का समय आता है तो प्रकृति की मार इस तरह देखी जाती है कि चंद मिनिटों के अंदर सबकुछ बर्बाद कर देती है। इस हालत में किसान लगातार अपने कृषि कार्यो के लिये कर्ज लेकर कर्जदार बनता चला जा रहा है। हर साल देखा जाता है कि अन्नदाता अपने खेतों में इसी सोच के तहत नई बोनी करता है कि इस बार मौसम उनका साथ देगा और बीते हुये सालों की कमी की भर पाई कर लेगा और कर्ज से मुक्ति पा लेगा। मगर प्रकृति द्वारा इस तरह से डंडा घुमाया जाता है कि चंद मिनिटों के अंदर किसानों की रात दिन एक तैयार की जाने वाले फसल को लेकर संजोये गये सपनों को उजागड़ने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये सोमवार की शाम 5 बजे उस समय देखने मिली जब अचानक आसमान पर काले बादल छाने के साथ तेज आंधी व तूफान के साथ हुई बारिश ने खेतों में रात दिन काम करने वाले अन्नदाता को बर्बाद करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। बताया जाता है कि सोमवार की शाम तेज आंधी के साथ हुई ओला वृष्टि व बारिश के चलते क्षेत्र के अनेक किसानों के खेतों में खडी हुई गेंहू सहित अन्य फसल बर्बाद होने से नही बच पाई है। वही जिन किसानों ने अपने गेंहू फसल को सुरक्षित तैयार करते हुये विक्रय केन्द्र पर लेकर पहुंचे थें। मगर वहां पर तेज बारिश के चलते ट्रेक्टर ट्राली में ही पानी भरजाने के चलते वह भी खराब होते हुये देखी गई है। बताया जाता है कि आंधी तूफान की स्थिति इस तरह की देखने मिली है कि जिन खरीदी केन्द्रों पर शासन द्वारा किसानों का गेंहू खरीदा गया है उन केन्द्रों पर बने हुये बेयर हाऊसों के ऊपर की छप्पर तेज आंधी के चलते उउ.जाने के कारण बेयर हाऊसों के अंदर शासन द्वारा खरीदा गया हजारा क्विटल गेंहू बेमौसम हुई बारिश के चलते भीगने से खराब हो गया है। हस संबंध में बताया जाता है कि सालीचौका क्षेत्र के आनंद एग्रो सर्विसेज यूनिट क्रमांक 2 बेयर हाऊस जहां पर शासन द्वारा किसानों के गेंहू की खरीद की जा रही है तथा पूर्व में किसानों का खरीदा हुआ सैकड़ो क्विंटल गेंहू रखा हुआ था। मगर तेज आंधी के चलते इस बेयर हाऊस का ऊपर के भाग का टीन शेड यानि की छप्पर उउऩे के चलते जहां बेयर हाऊस के अंदर रखा हुआ सैकड़ो क्विंटल गेंहू बारिश के पानी से भींग गया। वही दूसरी ओर जो कृषक अपने गेंहू फसल का विक्रय करने के लिये इस केन्द्र पर पहुंचे हुये थें और अपना नम्बर आने के लिये गेंहू से भरे हुये ट्रेक्टर ट्रालियों को लाईन में लगाये हुये थें बारिश के चलते उनका गेंहू भी बारिश के भेंट चढ़ने से नही बच पाया है। क्योंकि इस समय चल रहे चैत्र माह में किसी ने भी इस बात की कल्पना नही की गई होगी की प्रकृति चैत्र माह को सावन का स्वरूप देते हुये किसानों को बर्बाद कर देगी? इस तरह बैमौसम हो रही हो रही तेज आंधी तूफान के साथ बारिश के चलते जहां क्षेत्र के अनेक पुराने पेड़ गिरने के कारण जहां अनेक गांवों के लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना करते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर सोमवार की शाम से बिजली व्यवस्था जिस तरह सालीचौका क्षेत्र के ठप्प हुई तो 24 घंटे तक सुचारू नही होने से लोगों को अपनी रात अंधियारे के साथ साथ गर्मी से बेहाल होते हुये गुजारने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। बताया जाता है कि तेज आंधी के चलते सालीचौका विद्युत शव स्टेशन में अनेक पुराने पेड़ गिरने के कारण यहां की 11 के व्ही लाईने टूटने के चलते संपूर्ण क्षेत्र की बिजली व्यवस्था ठप्प के बाद 24 घंटे का समय निकल जाने के बाद भी बहाल नही हो पाई है। इस तरह हो रही बेमौम बारिश को लेकर जब क्षेत्र के किसानों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि अधिकांश किसानों के खेतों से गेंहू व चना फसल की कटाई तो हो चुकी है। मगर अपने खेतों में गर्मी सीमन की मूंग की बोनी कर दी गई थी जिसमें सिंचाई का कार्य चल रहा है। मगर इस तरह घनघोर बारिश के चलते खेतों का हाल इस तरह बन चुका है कि वह तालाब का स्वरूप धारण किये हुये है। इस स्थिति में किसानों द्वारा लागत लगाकर बोई गई मूंग फसल खराब होने से नही बच पायेगी। वही दूसरी ओर जिन किसानों की गेंहू फसल तैयार हो गई वह शासन द्वारा निर्धारित किये गये केन्द्रो पर विक्रय करने के लिये ले जा रहे है। मगर अचानक बारिश होने के चलते वहां पर खुले मैदान में गेंहू से भरे हुये ट्रेक्टर ट्रालियों में पानी भरने के कारण तैयार हो चुकी गेंहू फसल को भी क्षति पहुंचने से नही बच पाई है। इस तरह अन्नदाता को प्रकृति की मार डबल रूप से पड़ते हुये देखी जा रही है।

## प्रकृति की मार इस तरह से कि किसानों की गेंहू फसल खेतों की झुर्रइयों में कागज की किश्ती के तरह बहते हुये आ रही नजर

हरिभूमि न्यूज/चीचली।





जब कोई किसान अपने खेत में फसल की बोनी करता है तो उसको लेकर वह अपने बच्चों का पेट भरने से लेकर अन्य प्रकार के सपने संजोने से नही चूकता है। वही दूसरी ओर अपनी फसल को तैयार करने के लिये अन्नदाता किसान अपनी सभी प्रकार की सुख सुविधाओं का परित्याग करते हुये रात दिन खेतों में फसल को तैयार करने में जुआ हुआ देखा जाता है। सही मायने में देखा जावे तो किसानों द्वारा खून पसीना एक करते हुये अपनी फसल को तैयार किया जाता है। इस तरह खून पसीने से सिंची गई अन्नदाता की वही फसल किसी नाले या झुर्रईयाँ जब बहते हुये दिखाई दे रही हो ओर अन्नदाता असहाय बनकर अपनी फसल को तेज पानी के बहाव के बीच बेहते हुये देखा रहा हो तो उसके ऊपर क्या गुजरती होगी इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है...? इस बात की सच्चाई बीते हुये सोमवार की शाम समीपस्थ ग्राम घूरपुर क्षेत्र में उस समय देखने मिली जब चल रहे चैत्र माह में अचानक यहां पर इतनी घनघोर बारिश हुई कि बरसात के मौसम को भी फैल कर दिया जिसके चलते किसानों के खेतों में रखी हुई गेंहू फसल खेतों की झुर्रइयों के तेज बहाव के बीच बहते हुये नजर आने से नही चूक पा रही थी और अन्नदाता इस सच्चाई को अपनी आंखों में आंसू लिये हुये प्रकृति की मार के आगे असहाय होकर सिर्फ देखने के लिये बिवश नजर आ रहा था? बारिश की गति इस तरह से थी कि जब बारिश का प्रमुख सीजन यानि की जुलाई अगस्त माह में बारिश का दौर चलता है तभी खेतों में बनी हुई झुर्रइयों व नालों में इस तरह का पानी का बहाव देखने मिलता है। मगर सोमवार की शाम हुई बारिश के चलते खेतों की झुर्रइयों ने इस तर का रूप धारण किया गया था कि वह किसानों के खेतों में तेयार होने के बाद काटकर रखी हुई गेंहू फसल की गठरियों को बारिश के पानी का तेज बहाव बहाकर ले जा रहा था। खेतों के बीच से निकले हुये यह छोटे नाले नदियों की तरह किसानों की खून पसीना एक करते हुये तैयार की गई फसलों को बहाते हुये ले जा रही थी और असहास किसान अपनी आंखों में आंसू लेकर इस मंजर को देखने के लिये मजबूर नजर आ रहा था? चैत्र माह के दौरान इस तरह का नजारा निश्चित तौर से इस क्षेत्र के इतिहास में पहली बार देखने मिला होगा कि चंद मिनिट की बारिश से खेतों के बीच से निकली हुई छोटी झुर्रईयों ने नालों का रूप धारण करते हुये किसानों की फसलों को बहाने में कोई कसर नही छोड़ी गई है।



## ईवीएम सहायक कमिशनिंग दल का हुआ प्रशिक्षण

**गाडवारा।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बीते हुये दिवस नगर में ईवीएम कमिशनिंग के सहायक दल का प्रशिक्षण अंबेडकर भवन में सम्पन्न हुआ। बताया जाता है कि इस प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए सहायक रिटर्निंग ऑफिसर कलावती व्यारे एवम आकाश डहारे द्वारा सभी प्रशिक्षणर्थियों को गंभीरता पूर्वक कमिशनिंग प्रशिक्षण को प्राप्त करने, कैंडिडेट सेट, सीलिंग प्रक्रिया तथा अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। वही मास्टर ट्रेनर्स सत्यम ताम्रकार एवं उत्तम वर्मा द्वारा यह प्रशिक्षण विस्तार पूर्वक प्रदान किया गया। इस दौरान उनके द्वारा पावरप्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से इवीएम कमिशनिंग का कार्य, माक पोल की प्रक्रिया, कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, वीवीपेट की सीलिंग, चेक लिस्ट से मिलान इत्यादि से सभी बिंदुओं से बारीकी के साथ अवगत कराया। इस प्रशिक्षण में विधानसभा से 70 सहायक कमिशनिंग दल सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दी गई तथा प्रशिक्षण उपरांत मास्टर ट्रेनर्स द्वारा कमिश्निंग कार्य से संबंधित शंकाओं का समाधान भी किया।

**खबर संक्षेप**

## छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आगमन आज



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** लोकसभा चुनाव को अब कुछ ही दिन शेष है जिसे दृष्टिकोण रखते हुए भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक व छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज डिंडोरी जिले में दो सभाओं को संबोधित करेंगे। जिसमें मंडला लोकसभा के लोकप्रिय प्रत्याशी व केंद्रीय राज्य मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते के पक्ष में दोपहर 1रू30 बजे बम्हनी विकासखंड समनापुर में जनसभा को संबोधित करेंगे, तत्पश्चात ग्राम गोपालपुर विकासखंड करंजिया में आम सभा को संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया ने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## देवदूत रक्तदान परिवार की नेक पहल, अस्पताल में भर्ती मरीज को किया रक्तदान



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** आज दिनांक 9-04-2024 दिन मंगलवार को जिला अस्पताल डिंडोरी मे ललित यादवध्शिवदर्शन यादवध्शिवप्रसाद यादव निवासी धनगौन गणेशपुर ने अपना शैक्षिक रक्तदान कर भर्ती मरीजों के लिए रक्तदान किया हमारा देवदूत परिवार उनका आभारी है इस नेक काम में उपस्थित रहे देवदूत रक्तदान परिवार संचालक अतुल जैन भागवत यादव सर मौजूद रहे।

## शराबी प्रधान आरक्षक लाइन अटैच

**कोतमा।** पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है जिसको लेकर प्रशासन आए दिन समस्त नाका क्षेत्र एवं बार्डर पर लगातार निगरानी की जाती है। दो दिन पूर्व ही संभाग के कमिश्नर एवं एडीजी सहित कलेक्टर ने रामनगर थाना अंतर्गत चेक पोस्ट व क्षेत्र में दौरा कर ड्यूटी निभाने एवं वाहन चालकों को किसी भी प्रकार से परेशान न किए जाने के सख्त निर्देश दिए गए थे उसके बावजूद भी राजनगर थाना अंतर्गत स्टेडियम के पास बनाए गए चेक पोस्ट पर उपस्थित प्रधान आरक्षक जागेश्वर प्रधान द्वारा वाहन चालकों से अभद्रता करते हुए परेशान किए जाने की शिकायत के बाद लाइन अटैच किया गया। बताया जाता है कि वाहन चालकों ने आरोपित किया कि शराब के नशे में धुत्त रहकर प्रत्येक वाहन चालकों से गाड़ी रूकवाते हुए नाहक परेशान करने के साथ अभद्रता किए जाने की लगातार घटनाएं सामने आ रही थी जिसके बाद मंगलवार को वाहन चालकों एवं युवाओं द्वारा उक्त मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों तक किए जाने के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रधान आरक्षक को लाइन अटैच किया गया। बताया जाता है कि थाना प्रभारी को जानकारी लगने के बाद तत्काल चेक पोस्ट जाकर उक्त पुलिस कर्मी को वाहन से थाना लाया गया। जिसके बाद वह वहां से कही चला गया। उक्त पुलिसकर्मी के द्वारा पिछले कई दिनों से आने-जाने वालों को लगातार परेशान किया जाता रहा है। कार्यवाही के बाद वाहन चालको ने राहत की सांस ली है।

## चलती बाइक में लगी आग, जलकर हुआ खाक

**अनूपपुर।** जिले के पुष्पराजगढ़ में एक चलती बाइक में आग लग गई। घटना में वाहन जलकर खाक हो गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियों कब का है, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। वायरल वीडियो में चलती बाइक में आग लग गई। इस दौरान बाइक धू-धू कर जल उठी। घटना अनूपपुर के पुष्पराजगढ़ तहसील की बताई जा रही है। इसमें फेरी वाले की बाइक में पुष्पराजगढ़ के दमेहड़ी जल शोधन संयंत्र के सामने अचानक आग लग गई।

### अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने पुलिस ने कसी कमर

# अवैध शराब तस्करी: क्षेत्र में ठेकेदार कर रहे अवैध शराब की पैकारी, कोतवाली पुलिस कर रही ताबड़तोड़ कार्यवाही






**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** डिंडोरी जिले में नर्मदा प्रभावित क्षेत्र के 5 किमी रेंज में शराब पूर्णता प्रतिबंधित है, उसके बाद भी अवैध शराब पर पुलिस व ठेकेदार हाईड एंड सीक खेलने में मजबूर है, मानो जैसे ठेकेदार दरोगा साहब को चैलेंज कर रहा हो की "आओ मुझे ढूँढो"। प्रतिबंध के बाद भी लगातार शराब का कारोबार प्रचलन में है। ठेकेदारों के हौसले बुलंद है, गांव-गांव तक अवैध शराब का कारोबार फैला हुआ है। परंतु कोतवाली पुलिस भी समय समय पर वैधानिक कार्यवाही कर बुलंद हौसले तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

### -पुलिस कर रही लगातार कार्यवाही

जिला मुख्यालय में अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध पुलिस लगातार दबिश देने में जुटी है। लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा चुनाव शांति पूर्वक संपन्न कराने को ले कर जिले की कोतवाली थाना पुलिस ताबड़तोड़ एक्शन मोड में है। शराब कारोबारियों के अवैध ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी अभियान चलाकर पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक अवैध शराब विक्रेताओं पर कार्यवाही कर प्रयुक्त सामानों को जप्त किया है। हालांकि कोतवाली प्रभारी का कहना है कि अवैध शराब के खिलाफ यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाये जाएंगे।

### -बिना भय के चल रहा कारोबार

शराब ठेकेदारों के द्वारा बिना भय एवं रोक- टोक के शराब बेचने का कारोबार कर रहे हैं। नगर व गांव की गलियों में चारों तरफ अवैध शराब की बिक्री के चलन से नगर के युवा शराब की लत में अपराध के गिरफ्त में फंस रहे हैं।

### -अवैध शराब के धंधों पर कार्यवाही करने में आबकारी से कई कदम आगे है पुलिस

अवैध शराब के धंधे पर कार्यवाही करने वाले आबकारी विभाग का मुखबिर तंत्र फेल साबित हो रहा है। ऐसे में पुलिस धंधेबाजों की कमर तोडने में आबकारी से तीन कदम आगे है। शराब माफियाओं को पकडने के लिए जितनी जिम्मेदारी आबकारी विभाग की है। उतनी ही पुलिस की, लेकिन कार्रवाईयों के आंकड़े देखे तो ऐसा लगता है कि शराब का अवैध काम करने वालों को पकडने की जिम्मेदारी आबकारी विभाग के अधिकारी समझ नहीं पा रहे है। पुलिस की जो ज्यादातर कार्रवाई होती है, देशी-विदेशी शराब की होती है। वहीं आबकारी विभाग की बात करें तो लहान और कच्ची शराब की होती है।

ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितनी गंभीरता से आबकारी विभाग काम कर रहा है। हालांकि विभाग के अफसर स्टाफ की कमी की बात कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं, लेकिन जिस विभाग के पास अवैध शराब पर शिकंजा कसने की जिम्मेदारी है। पुलिस विभाग की कार्रवाई का आंकड़ा देखे तो आबकारी विभाग से ठीक विपरीत है। विभाग द्वारा लगातार इन तस्करों पर कार्रवाईयां की जा रही है।

### -कॉबिंग गस्त के दौरान पकड़ी शराब

पूर्व में तत्कालीन एसपी अखिलेश पटेल के निर्देशन में कोतवाली प्रभारी अनुराग जामदार की अध्यक्षता में रात्रि में कॉम्बिंग गस्त के दौरान अवैध रूप से 75 लीटर शराब ले जाते पकड़ा था।

### इनका कहना है

अवैध शराब के खिलाफ यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाये जाएंगे सारी अवैध गतिविधि की सूचना मिलने पर त्वरित कार्यवाही की जाएगी।

-अनुराग जामदार
कोतवाली प्रभारी

## चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, गुड़ी पड़वा की भी धूम





**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** आज से चैत्र नवरात्रि (बेंपजतं छंअतंजतप 2024) शुरू हो गया है। मंदिरों में माता रानी का जयकारा लग रहा है। वही डिंडोरी जिला के शाहपुरा नगर स्थित प्राचीन देवी मडिया में भक्तों ने सुबह से ही माता रानी के दर्शन के लिए पहुंचे और भक्तों की लंबी कतारें दिखने को मिली। वहीं इसी के साथ हिंदू नववर्ष का भी प्रारंभ हुआ है। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन देशभर के दुर्गा मंदिरों में सुबह से पूजा-अर्चना की जा रही है। श्रद्धालुओं की लंबी लाइन देवी मां के मंदिर के बाहर लगी हुई है। भक्तगण मां दुर्गा के जयकारे लगा रहे हैं। नवरात्रि के नौ दिन माता रानी के नौ रूपों की पूरे विधि विधान के साथ पूजा की जाती है। आज चैत्र नवरात्रि का पहला दिन है, इस दिन माता शैलपुत्री की आराधना होती है। माता रानी का आशीर्वाद पाने के लिए और उनकी भक्ति में भक्तगण उपवास रखते हैं।

## चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर शारदा मां गौ शाला करौंदी में सवामनी व पौधारोपण का हुआ कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** डिण्डौरी जिले के अंतर्गत संचालित समस्त गौशालाओं में कलेक्टर विकास मिश्रा के नेतृत्व में सवामनी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी सिलसिले में ग्राम करौंदी स्थित शारदा मां गौ सेवा समिति ने सवामनी कार्यक्रम का आयोजन किया ।इस कार्यक्रम की शुरूआत गौ-पूजन तिलक वंदन करके किया गया। साथ ही गौ माता को अन्न से बनी सामग्री को पत्तल में परोसकर खिलाई गई।इस कार्यक्रम में पौधारोपण का कार्य का भी आयोजन किया गया। इस दौरान शारदा माँ गौ सेवा समिति के अध्यक्ष जनपद सदस्य टेकेश्वर साहू, रेवा दुबे (कोषाध्यक्ष) अधिवक्ता निर्मल कुमार साहू सहित रामनारायण साहू,कमलेश साहू, नंदकिशोर साहू,विजय साहू अनुराधा पटेल (पशु चिकित्सक) शिवम साहू,रामनारायण साहू,कमलेश साहू, नंदकिशोर साहू,विजय साहू अनुराधा पटेल (पशु चिकित्सक)शिवम साहू,रेतनेश साहू,शुभम साहू मुकेश साहू,निखिल साहू,साकेत साहू रवि शंकर बरमैया ,पुष्पराज साहू हरिलाल,चैतन्य साहू मनीष साहू (सहायक सचिव) शिव कुमार साहू ,रामप्रसाद साहू उपस्थित रहे इस दौरान अधिवक्ता निर्मल कुमार साहू ने मां शारदा गौ सेवा समिति को सहयोग राशि प्रदान किया समिति के अध्यक्ष के द्वारा निर्मल साहू को सम्मानित किया गया ।

## हिंदू नव वर्ष पर निकाला गया भव्य भगवा चल समारोह



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत हिंदू नव वर्ष के प्रारंभ के अवसर पर शहपुरा नगर के प्राचीन राम जानकी मंदिर से भव्य भगवा चल समारोह निकाला गया जिसमें हजारों की तादाद में हिंदू धर्मावलंबियो मैं बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी की भक्ति मनमोहक झांकी का प्रस्तुतीकरण किया गया जय श्री राम की जय घोष से संपूर्ण नगर गूंज रहा था चल समारोह शाहपुर नगर के प्रमुख मार्ग से होकर शंकरगंज होते हुए वापस बाजार चैक श्री राम जानकी मंदिर पहुंचा चैत्र प्रतिपदा हिंदू नव वर्ष के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा संपूर्ण शहपुरा नगर को भगवा पताका से सजाया गया है प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर में रामनवमी के अवसर पर विशेष साथ सज्जा की गई है

## स्वीप प्लान के तहत विभिन्न गतिविधियों से किया जागरूक



**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान लक्ष्य प्राप्ति के लिए स्वीप गतिविधियों को प्रचारित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकास खंड मेंहदवानी अन्तर्गत आजीविका समूह की दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जनपद पंचायत प्रांगण मेंहदवानी एवं ग्राम पंचायत मुख्यालय पड़रिया में आयोजित किया गया। मतदाताओं को मतदान अवश्य करने को प्रेरित करने समूह की दीदियों द्वारा हाथों में मेंहदी से मतदान से संबंधित स्लोगन रचाया गया इसी प्रकार कुर्सी दौड़ रखा गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों सहित उपस्थित ग्रामीणों को बिना प्रलोभन मतदान करने तथा और लोगों को भी प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान जनपद पंचायत मेंहदवानी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी,खंड पंचायत अधिकारी के एल झारिया, विकास खंड प्रबंधक राजेश कछवाहा सहित सिजेंटा फाउंडेशन, प्रदान की समस्त टीम मौजूद रहे।

### एक लाख से ज्यादा कीमती गांजा सहित आरोपी पुलिस गिरफ्त में

# पुरानी बस्ती में गांजा बेचने वाले पर कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई




**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार भारतीय पुलिस सेवा के निर्देशन एवं एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकट्टा के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस के द्वारा अनूपपुर नगर के पुरानी बस्ती में मादक पदार्थ गांजा बेचने वाले को रंगे हाथों पकड़ा जाकर कार्यवाही की गई है। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन के नेतृत्व में उपनिरीक्षक संजय खलको, सहायक उपनिरीक्षक नागेश सिंह, प्रधान आरक्षक महेंद्र राठौर, आरक्षक प्रवीण सिंह एवं महिला आरक्षक उषा की टीम के द्वारा 8 अप्रैल की रात्रि करीब 08:15 बजे सुनील कहार उर्फ शेरा पिता स्वर्गीय मुरारीलाल कहार उम्र करीब 40 साल निवासी वार्ड नंबर 14, पुरानी बस्ती अनूपपुर को कागज के डब्बे (कार्टून) में रख कर ले जा रहे 3 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 36000 रुपए एवं मादक पदार्थ गांजा के क्रय विक्रय हेतु रखे 70500 रुपए नगदी के साथ पकड़ा जाकर जप्ती कार्रवाई की गई एवं आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 216/24 धारा 8/20 स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 में एफआईआर कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### लंबे समय से मिल रही थी शिकायत

कोतवाली पुलिस द्वारा रंगे हाथों मादक पदार्थ गांजा के साथ पकड़े गए आरोपी सुनील कहार के विरुद्ध लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि लुक छिपकर मादक पदार्थ गांजा का व्यापार करता है, जिस पर टीआई कोतवाली अरविंद जैन के नेतृत्व में पुलिस द्वारा सतत निगरानी एवं मुखबिर के माध्यम से आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की गई। पुलिस की गिरफ्त में आये आरोपी सुनील कहार का पुलिस रिमांड लिया जाकर मादक पदार्थ गांजा के व्यापार में शामिल अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र सिंह पवार के द्वारा अनूपपुर नगर में मादक पदार्थ गांजा का अवैध कारोबार करने वाले के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के लिए टीआई कोतवाली और उनकी टीम को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की है।

## घर के बाहर खेल रहे मासूम की शराबी ट्रैक्टर चालक के कुचलने से मौत





**अनूपपुर।** सड़क किनारे खेल रहे दस वर्षीय मासूम की शराब पीकर ट्रैक्टर चला रहे युवक ने कुचल कर जान ले ली। घटना राजेंद्रग्राम थाना अंतर्गत ग्राम बेंदी की है। मृत बच्चे का नाम सुमित कुमार पिता संजू कुमार धारवे निवासी आमाचुवा जिला डिंडौरी है जो अपनी नानी के घर आया हुआ था। इस मामले में आरोपित ट्रैक्टर चालक नंदकुमार धुर्वे 32 वर्ष निवासी बेंदी है जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। जानकारी अनुसार मंगलवार की सुबह ग्राम पंचायत बेंदी में स्टापडैम का निर्माण कार्य हो रहा है। यहां पानी की जरूरत होने पर ट्रैक्टर द्वारा टैंकर लाने के लिए नंदकुमार धुर्वे को भेजा गया था। नंद कुमार बहुत अधिक शराब पी रखी थी जो ट्रैक्टर चलाते समय वहां पर नियंत्रण नहीं रख पा रहा था और बस्ती से गुजरते समय मासूम के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी। ट्रैक्टर ग्राम मोहदी निवासी तीरथ पवार की है। बताया गया घटनास्थल के पास कुछ और बच्चों के साथ मासूम सुमित भी खेल रहा था। ट्रैक्टर को लहराते हुए आ रहे देख अन्य बच्चे भाग निकले लेकिन घर के किनारे खड़ा सुमित जब तक घर के अंदर जा पाता ट्रैक्टर घर की दीवार के पास आकर उसे चपेट में ले लिया। घटना के बाद आसपास एवं घर के लोगो ने गंभीर रूप से घायल बालक को लेकर ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुष्पराजगढ़ रवाना हुए लेकिन रास्ते में ही बच्चे ने दम तोड़ दिया। शव का पोस्टमार्टम कराया गया पुलिस ने मामले को जांच में लिया हैं।

## खबर संक्षेप

### श्रीमती नारोलिया का हुआ आगमन



**नरसिंहपुर।** राज्यसभा सदस्य माया नारोलिया का नरसिंहपुर जिले में आगवन हुआ। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने अनेक स्थानों पर महिलाओं की बैठक ली। राज्य और केंद्र सरकार की नीतियों को ऐतिहासिक बताया। तीसरी बार केंद्र में भाजपा सरकार बनने का दावा किया। वहीं उन्होंने ग्राम मैनाबारी में जाट महिला सभा की सदस्यों पदाधिकारियो और क्षेत्र वासियों से मुलाकात कर सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की।

### मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का आगमन आज



**नरसिंहपुर ।** बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का नरसिंहपुर जिले में आगमन हो रहा है जहां पर वह मंडला संसदीय क्षेत्र की गोटेगांव विधानसभा के ग्राम मुंगवानी हनुमान मंदिर के पास शाम 5 बजे विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे ।

### शिक्षा में उम्र बाधा नही-डॉ गजानन मिश्र



**करेली।** शिक्षा निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है इसमें उम्र मायने नही रखती इसी संदर्भ में महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय करेली में पदस्थ डॉ गजानन मिश्र (प्रोफेसर समाज शास्त्र) को 29 जनवरी 2024 में रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर में डि लिट् की शोध मौखिकी सम्पन्न हुई जिसमे आपके शोध का विषय था महिला अपराधिता एक सामाजिक प्रघटना पर अपनी शोध कार्य पूर्ण किया रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के इतिहास में डॉ मिश्रा समाजशास्त्र विषय मे दूसरी डि लिट् उपाधि प्राप्त व्यक्ति है इस अवसर पर उनके शुभ चिंतको के द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की।

### 10 मिनिट की बरसात में करेली के रोड में पानी भरा



**करेली ।** नगर पालिका करेली में 10 से 15 मिनट की बरसात में होने से आज सोमवार बाजार मैं आने वाले दुकानदारों और सामान खरीदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा शाम 6:00 बजे के लगभग आंधी तूफान के साथ ओले गिरने से लगभग 10 से 15 मिनट तक बरसात हुई इस बरसात से पुरानी गल्ला मंडी सोमवार बाजार जाने वाली रोड में 1 से 2 फीट तक पानी भर जाने के कारण आने जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ा कुछ नागरिकों की दोपहिया वाहन फंस जाने के कारण गाड़ी निकालने में दिक्कतों का सामना करना पढ़ा सोमवारा बाजार में आने वाले ग्रामीण नागरिकों ने बताया कि करेली शहर में 10 से 15 मिनट की बरसात होने से रोड में पानी भर गया है इससे तो अच्छा है कि हम ग्राम में रहते हैं वहां पर इस तरह का पानी नहीं भर पता है शहर से अच्छा तो हम ग्राम में निवास कर रहे हैं ।

### पीले चावल देकर मतदाताओं को किया आमंत्रित



**करेली।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले एवं सीईओ जिला पंचायत व नोडल अधिकारी स्वीप दलीप कुमार के मार्गदर्शन में जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूकता लाने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक व कठपुतली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को प्रलोभन के बिना मतदान करने और मतदान अवश्य करने का संदेश दिया। इस अवसर पर सभी मतदाताओं को मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई।

## फर्जी: नपा कर्मचारी बताकर तोड़ा मकान, महिला ने की शिकायत

# जेसीबी से ध्वस्त किया महिला का आशियाना

### नगर पालिका नरसिंहपुर का मामला

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

गत दिवस महिला द्वारा पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है कि नगर के दो दबंग लोगो द्वारा खुद को नगर पालिका कर्मचारी बताकर जर्जर भवन कह कर जेसीबी से तोड़ दिया। हालांकि उक्त कार्रवाई के लिये नगर पालिका द्वारा किसी प्रकार कोई आदेश नही दिया और ना ही कोई नगर पालिका अधिकारी मौके पर गया और दबंगो द्वारा स्वंय को नपा इंजीनियर बताकर मकान तोड दिया गया जो कि गलत है । फिलहाल पुलिस ने महिला के शिकायत लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है ।

### बिना किसी नोटिस के जेसीबी तोड़ा मकान

महिला द्वारा पुलिस को दिये गये आवेदन मे बताया गया है कि दो युवक घर पर आये और घर से बाहर निकले के लिये कहा गया मेरे घर से बाहर निकलते ही लोगो द्वारा जेसीबी मशीन से घर तोड़ दिया । पूछा गया कि मकान क्यो तोड़ रहे हो तो उनके द्वारा बताया गया कि उक्त मकान जर्जर है और हम नगर पालिका इंजीनियर है हमारे पास तोड़ने के आदेश है आदेश मांगने पर नही दिखाया गया और मकान तोड़ कर चले गये । उक्त संबंध मे नगर पालिका मे पता किया गया तो पता चला कि इस प्रकार का कोई आदेश नगर पालिका द्वारा जारी नही किया गया है और ना कि उक्त व्यक्ति नगर पालिका कर्मचारी है ।





### मामला इस प्रकार

थाना प्रभारी के नाम नरसिंह वार्ड निवासी महिला गीता बाई पति शिवशंकर प्रधान द्वारा आवेदन दिया गया जिसमे उल्लेख किया गया है कि दो युवकों द्वारा स्वंय को नगर पालिका इंजीनियर तथा कर्मचारी बताकर मकान को जेसीबी से तोड़ दिया गया और परिवार को घर से बेघर कर दिया गया । जब उन्हे से नगर पलिका या कोर्ट का आदेश मांगा गया तो उनके द्वारा कोई आदेश नही दिखाया गया । नगर पालिका मे पता करने पर जानकारी मिली की उक्त संबंध मे काई आदेश जारी नही किये गये और ना ही कोई कर्मचारी भेजा गया । मकान तोड़ने के लिये नप प्रशासन द्वारा जेसीबी या कोई अन्य वाहन भी नही भेजा गया । युवकों द्वारा फर्जी कर्मचारी बन कर मकान तोड़ा गया है जो कि गैर कानूनी है ।



### महिला नें की कार्रवाई की मांग

महिला द्वारा पुलिस व नगर पालिका अधिकारी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है । उक्त प्रकार मे वायरल हुये वीडियो के आधार पर पुलिस को जांच कर दोषियों के विरूद्ध ठोस कार्रवाई की जानी चाहिये जिससे उक्त घटना नगर के अन्य व्यक्तियों के साथ ना हो और कोई परिवार घर टूटने के कारण रोड पर ना आये, गर्मी अभी प्रारंभ ही हुई है यदि परिवार पर ऐसी मुसीबत आती है तो वह पीड़ा पीड़ति परिवार ही समझ सकता है । प्रशासन को चाहिये की दोषियों के विरूद्ध ठोस कार्रवाई कर 420 का मामला कायम किया जाना चाहिये । महिला द्वारा दिये गये आवेदन के बाद प्रशासन द्वारा अभी किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नही की गई है ।

### इनका कहना है

कार्रवाई के लिये हमारा कोई स्टाफ नही गया और ना ही कोई वाहन हमारे द्वारा भेजा गया । मकान तोड़ने संबंधी कोई ओदश मेरे द्वारा ना ही दिये गये है और ना ही अन्य कहीं से आदेश प्राप्त हुआ है। वीडियों मे जो लोगो उक्त कार्य कर रहे वह गलत है]आवेदन प्राप्त होने पर जो भी कार्रवाई उचित होगी वह की जावेगी ।

**नीलम चौहान, सीएमओ नगर पालिका**

# गोवंश सुरक्षा वर्ष को लेकर छोटे-छोटे बच्चों ने बछिया का इलाज हिंदू नव वर्ष में किया

हरिभूमि न्यूज - करेली।

हिंदू नव वर्ष चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा (गुड़ी पाडवा) चैत्र, शुक्ल पक्ष-9 अप्रैल 2024 मंगलवार से अमावस्या, चैत्र, कृष्ण पक्ष, 29 मार्च 2025 शनिवार तक गौवंश रक्षा वर्ष मनाए जाने को लेकर। मध्यप्रदेश में निराश्रित गौवंश एवं गौशालाओं के बेहतर प्रबंधन के विषय पर हितधारकों की आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव द्वारा घोषणा-कि गई है कि भारतीय नव वर्ष, चैत्र शुक्ल पक्ष गुड़ी पाड़वा से अगले वर्ष तक गौवंशरक्षा वर्ष के रूप में मनाया जाएगा । गौवंश रक्षा वर्ष हेतु निराश्रित गौवंश की सुरक्षा करते हुए गौशाला में प्रवेश कराया जाएगा इसी बात से प्रभावित होकर नगर पालिका करेली के डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड में निवास करने वाले छोटे-छोटे बच्चे जिनकी उम्र लगभग 15 वर्ष से कम होगी इन्होंने देखा कि हमारे वार्ड की गली में एक



गंभीर घायल बछिया जिसकी उम्र लगभग 3 वर्ष होगी वह लगभग दो घंटे से बरसते पानी में बैठकर उठ नहीं पा रहा है तो इन बच्चों को लगा कि यह बछिया गंभीर रूप से बीमार है सबसे पहले तो इन्होंने इसको सुरक्षित स्थान पर और इसके बाद इसका इलाज तुरंत होना चाहिए इस बात को ध्यान में रखते हुए इन्होंने अपने परिजनों शैलेश अग्रवाल ,अखिलेश अग्रवाल को बताया कि इस बछिया का इलाज होना चाहिए और इलाज होने के पश्चात इसकी देखरेख हम सब बच्चे करेंगे ' जब इनमें से एक बच्चे से नहीं रहा गया तो इस बच्चे ने करेली शहर में पशु पक्षियों की देखभाल और सुरक्षा करने वाले भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड से नियुक्त मानद पशु कल्याण प्रतिनिधि एवं एवं नव नियुक्त जीसीसीआई के प्रदेश के प्रेस संयोजक भागीरथ तिवारी तिवारी से मोबाइल नंबर से संपर्क किया तो श्री तिवारी ने अपने पत्रकार साथी गौ प्रेमी अमित जैन ,रामकुमार विश्वकर्मा, पार्षद संजू नेपाली को लेकर रात्रि के 9 बजे के लगभग इसके इलाज के लिए गिरते पानी में ए व्ही एफ ओ आर पचौरी अनंत कुमार साहू से संपर्क किया और गौ प्रेमी छोटू पटेल से भी संपर्क साधकर मोबाइल से बात कर इसके इलाज की करने की बात कही तो श्री पचौरी श्री साहू छोटू पटेल ने आकर देखा और गंभीर बीमारी का पता लगाकर देख कर इसको गुड और हल्दी खिलाई गई और इसके इलाज के लिए इंजेक्शन लगवाए गए तो बछिया ठीक हुई है तो 15 साल से कम उम्र के बच्चे जिनकी उम्र लगभग तीन से 12 वर्ष तक रही होगी दो जुड़वा बच्चे ऋषि ,रिद्धि अग्रवाल, श्रद्धा अग्रवाल, बेद अग्रवाल, सिद्धि, सिद्ध अग्रवाल, सर्वज्ञ पटवा उम्र 3 साल, अक्षरा अग्रवाल , मिहिर आचार्य उम्र 15 साल और जब तब तक यह बछिया ठीक नहीं हो गई तब तक इन बच्चों के द्वारा रोटी पानी के साथ-साथ इसकी सुरक्षा की अन्य व्यवस्थाएं की गई ।



# सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद द्वारा पक्षियों के लिए लगाये सकोरे

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** चैत्र मास के शुभारंभ के साथ ही तेज गर्मी की शुरूआत हो जाती है ,सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद हर वर्ष की भांति कृत संकल्पित पक्षियों के लिए जगह जगह सकोरे लगाती है इस वर्ष शालिनी स्मृति स्कूल की संचालिका श्रीमती चेतना दुबे जी के आमंत्रण पर जिला अध्यक्ष श्रीमती विवेक पांडे जी ,नगर अध्यक्ष श्रीमती सुनंदा भट्ट जी, जिला महासचिव श्रीमती ज्योति तिवारी जी,संरक्षक श्रीमती सरला पांडे जी ,संयोजक श्रीमती शालिनी दुबे जी, उपाध्यक्ष श्रीमती अरुणा दुबे, श्रीमती पूर्णिमा शुक्ला ,श्रीमती मंजू लता पांडे, कोशाध्यक्ष नंदिता चौबे, श्रीमती सपना शर्मा,श्रीमती सुमन शर्मा, श्रीमती रचना त्रिवेदी, श्रीमती रक्षा पालीवाल,श्रीमती सीमा दीक्षित, श्रीमती प्रीति राजवैद्य, श्रीमती रेखा शुक्ला, श्रीमती आराधना दुबे, श्रीमती कामिनी दुबे, श्रीमती अंजलि दुबे श्रीमती पाठक एवं स्कूल स्टाफ द्वारा स्कूल में सकोरे लगा कर इस पुन्य कार्य की शुरूआत की और आवाहन किया की सभी लोग अपने घरों में और आसपास के वृक्षों में पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करें



# अवैध सागौन फर्नीचर जप्त

**तेंदूखेड़ा।** मुखविर की सूचना के आधार पर वनमंडलाधिकारी नरसिंहपुर के मार्गदर्शन में एवं उप वनमंडलाधिकारी के निर्देशन में वन परिक्षेत्र बरमान की टीम द्वारा सर्च वारंट लेकर संतोष विश्वकर्मा आ० हेमराज विश्वकर्मा निवासी वार्ड नं. 8 तेंदूखेड़ा के घर पर दबीश दी गई। घर तलाश करने पर 03 कटर मशीन व अन्य औजार सहित सागौन चरपट 57 नग 0.341 घमी. सागौन का फर्नीचर जप्त किया गया। संबंधित व्यक्ति के पास कोई वैद्य दस्तावेज नहीं पाये गये। म.प्र. वनोपज (व्यापार विनियमन) अधिनियम 1969 की धारा 5 के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 33589/04 पंजीबद्ध किया गया। इस कार्यवाही में वन परिक्षेत्र अधिकारी गौरव वानखेड़े प्रभात कुमार पटेल सहायक तेंदूखेड़ा कार्यवाहक वनपाल दिनेश घोषी रीना चैधरी विकास दुबे वनरक्षक गीतेश पटेल रूपनारायण पटेल संदीप कोष्ठी नरेन्द्र ठाकुर भूपेन्द्र ठाकुर एवं अन्य सुरक्षा श्रमिक उपस्थित थे।

# प्रथम दिवस मां शैलपुत्री का हुआ पूजन अर्चन

### मंदिरों में रही भीड़ , लगते रहे माता के जयकारे

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

मंगलवार को सुबह से ही मंदिरों मे भक्तों की भीड़ नजर आने लगी और नगर माता के जयकारों से गुंजायमान हो उठा । शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शक्ति की आराधना का महापर्व चैत्र नवरात्र जोर शोर से श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर जहां नवरात्र के पहले दिन सुबह से मंदिरों में मातारानी को जल अर्पित करने वाले श्रद्धालुओं की कतारें लगी रही। वहीं शाम को होने वाली मातारानी की महाआरती में समूचे मंदिर परिसर माता रानी के जयकारों से गुंजायमान हो रहे हैं। जिला मुख्यालय पर चैत्र नवरात्र के अवसर पर मनाए जाने वाले सामूहिक जवारा उत्सव की शुरूआत भी घटकलश जवारा स्थापना से हुई है। यहां पंचमी पूजन के साथ ही भक्तों के लिए जवारा दर्शन भी आरंभ हो जाएंगे। उल्लेखनीय है, शहर में मनाया जाने बाला सामूहिक जवारा उत्सच पूरे जिले में सबसे बड़ा जवारा उत्सव होता है।



### माता के दरबार पर हुई विशेष साज सज्जा

रोशनी से जगमगा रहे माता के दरबार नवरात्र के पावन पर्व में जिला मुख्यालय के नरसिंहपुर क्षेत्र स्थित बड़े पुल के समीप काली माता मंदिर सहित सदर मढ़िया, स्टेशन क्षेत्र स्थित खेरापति मंदिया, प्रताप नगर गली नंबर 17 और कंदेली क्षेत्र में स्थित सभी माता मंदिरों के साथ करेली के हर्रई माता, मदार टेकरी माता मंदिर रंग बिरंगी रोशनी से जगमगा रहे हैं। इन मंदिरों में शाम को होने वाली महाआरती में भी बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकए महिलाएं और बच्चे मातारानी की भक्ति में जुटे हुए हैं। कन्या पूजन का सिलसिला आरंभ.नवरात्र पर्व के दौरान किए जाने वाले कन्या पूजन का सिलसिला घरों.घर आरंभ हो गया है। रविवार को पंचमी तिथि के साथ ही लोगों ने अपने घरों में कन्याओं को आमंत्रित कर उनका पूजन अर्चन और भोजन के उपरांत आकर्षक उपहार देते हुए विदाई की जा रही है। वहीं कन्या पूजन को लेकर छोटी छोटी कन्याओं में उत्साह का वातावरण दिख रहा है। दोपहर होते ही गलियों में छोटी छोटी कन्याओं के समूह उछलकूद मचाते हुए दिख रहे हैं।



### मां त्रिपुर सुंदरी का हुआ दिव्य श्रृंगार

समीपवर्ती धार्मिक स्थल झोतेश्वर परमहंसी गंगा आश्रम स्थित भव्य मंदिर में विराजमान भगवती त्रिपुर सुंदरी मां राजराजेश्वरी माताजी का नवरात्रि पावन पर्व के शुभ अवसर पर दसों दिवस अलग.अलग रूपों में अलौकिक छटा बिखेरने वाला श्रृंगार किया जाता है। नवरात्रि के पावन पर्व के तृतीय दिवस माता रानी का आकर्षक चूड़ी एवं बिंदी से अद्भुत कलात्मक आकर्षक मनमोहक साज सज्जा से द्रव्य श्रृंगार किया गया। जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षक का केंद्र बनी।

### जवारों की स्थापना

करेली में भी नवरात्र के पहले दिन धर्ममय माहौल बना रहा। इस दौरान राम मंदिर में नवरात्र जवारों की स्थापना की गई, इस अवसर पर पुजारी शशिकांत शास्त्री ने बताया, कि नवरात्र के चलते समूचा क्षेत्र धर्मधानी के रूप में परिवर्तित हो जाता है। वही राम मंदिर में जवारे स्थापना के पश्चात पूरे नौ दिन धर्ममयी आयोजन किए जाते है। नवरात्र के पहले दिन करेली के शारदा मंदिर, हरई माता, मदार टेकरी, राम मंदिर खेरापति मंदिर मरहई माता मंदिर, हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा।

# नर्मदापुरम नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र से 12 अभ्यर्थी उतरेंगे चुनावी मैदान में

तेंदूखेड़ा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के उपरांत नर्मदा पुरम संसदीय क्षेत्र से किसी भी अभ्यर्थी ने अपनी अभ्यर्थिता वापस नहीं ली है एवं समस्त 12 अभ्यर्थी 26 अप्रैल को होने वाले द्वितीय चरण के लोकसभा निर्वाचन 2024 में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। जिसमें तेंदूखेड़ा गाडरवारा नरसिंहपुर उदयपुरा पिपरिया सोहागपुर नर्मदापुरम एवं सिवनी मालवा सहित आठ विधानसभा क्षेत्रों के 18500075 मतदाता 2224 मतदान केंद्रों के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 955910पुरुष एवं 894112महिलाये तथा 53 अन्य मतदाता भी शामिल हैं।

### अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 नर्मदा पुरम से चुनाव लड़ने वाले समस्त अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए गए। इस क्रम में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य राजनैतिक दल में से भारतीय जनता पार्टी दल से अभ्यर्थी दर्शन सिंह चैधरी को कमल का निशान आवंटित किया गया।इसी प्रकार इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी संजय शर्मा को हाथ का निशान आवंटित किया गया है।बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी राम गोविंद बरुआ को हाथी का निशान पंजीकृत राजनैतिक दल राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त एवं राज्य के राजनीतिक दलों को छोड़कर भारतीय युवा जन एकता पार्टी के अभ्यर्थी पंडित दिव्येन्द्र बृजमोहन दुबे को हीरे का चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अभ्यर्थी माखन सिंह लोधी को बांसुरी चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया। इन सब के अतिरिक्त अन्य निर्दलीय अभ्यर्थियों जिनमें ज्योति सुरेश झारिया को आरी चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया, पत्रकार तिलक जाटव को केतली चुनाव चिन्ह, पंडित बृजेश खेमरिया को एयर कंडीशनर चुनाव चिन्ह, मुकेश यादव को ब्लैक बोर्ड चुनाव चिन्ह, युवराज गव्हाड़े को अलमारी का चुनाव चिन्ह, राकेश राम प्रसाद रिकी को गन्ना किसान का चुनाव चिन्ह एवं सरजेराव सहारे को चारपाई का चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है।